# सांई महाविद्यालय सेक्टर–6, भिलाई
## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई
## वार्षिक प्रतिवेदन
## सत्र 2018–19

सांई महाविद्यालय सेक्टर–6 भिलाई में सन् 2008 से राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई संचालित हो रही है। इस इकाई हेतु कुल 100 छात्र/छात्राओं की संख्या प्राप्त है। इस योजना में पंजीकृत स्वयंसेवकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है जिसमें सत्र 2018–19 में कुल 140 स्वयं सेवकों का पंजीयन किया गया। महाविद्यालय की डिप्टी डायरेक्टर श्रीमती ममता सिंह एवं प्राचार्य डॉ. डी.बी. तिवारी के संरक्षण में तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री विमल कुमार के निर्देशन में समाज सेवा के माध्यम से स्वयं सेवकों के व्यक्तित्व विकास के अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए।

प्राथमिकता– स्वच्छता, शिक्षा, रक्तदान, वृक्षारोपण एवं नशा मुक्ति आदि महत्वपूर्ण विषयों को ध्यान में रखते हुए ग्रामों में शिविर, नुक्कड़ नाट्य एवं विविध रैलियां आयोजित किए गए।

महाविद्यालय में इस योजना को संचालित करने का उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से स्वयं सेवकों का व्यक्तित्व विकास, स्वयं सेवकों में सामाजिक दायित्व का निर्वाह सामाजिक समस्याओं की पहचान करना और उनका समाधान करना। समाज सेवा के माध्यम से स्वयं सेवकों में नैतिक शिक्षा एवं नेतृत्व गुणों का विकास करना आदि।

सत्र 2018–19 में महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्य –

1 5 जून 2018 को महाविद्यालय के आस–पास एवं गमलों में पौधे लागाएँ गए। कार्यक्रम में 13 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।



2 21 जून 2018 को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक दिवसीय योग शिविर आयोजित किया गया।मुकेश योगा क्लासेस के संचालक श्री मुकेश जी के द्वारा छात्रों एवं स्टाफ को योग कराया गया। योग के महत्व एवं इससे होने वाले स्वास्थ्यगत लाभ की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में 35 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।




3 23 जुलाई 2018 को वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंर्तगत गोदग्राम हनोदा में पंचायत द्वारा संरक्षित स्थान पर 200 से अधिक पौधें डॉ.आर.पी.अग्रवाल, समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के आतिथ्य में रोपित किए गए।



4 28 जुलाई 2018 को उज्जवला योजना एवं जनधन योजना का प्रचार प्रसार किया गया एवं खुर्सीपार क्षेत्र के कुछ परिवारों को उज्जवला एवं जनधन योजना में पंजीकृत होने में स्वयंसेविका कु. पूजा रामटेक्कर एवं कार्यक्रम अधिकारी विमल कुमार के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।



5 1 अगस्त से 15 अगस्त 2018 तक स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंर्तगत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने जन जागरूकता हेतु रैली, स्लोगन के माध्यम से निकालकर जनसमुदाय को जागरूक किया। साथ ही लोगों के घरों के आस–पास से कचड़ा इकट्ठा कर सफाई अभियान की शुरूवात की/स्वच्छता हेतु शासन द्वारा भेजे जाने वाले स्वच्छता टीम को ही कचड़ा देने का संदेश दिया गया। यह कार्यक्रम गोदग्राम में 68 स्वयंसेवकों के साथ आयोजित किया गया।



6 23 अगस्त 2018 को स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया।यह रैली महाविद्यालय से प्रारंभ कर ई–मार्केट तक विभिन्न स्लोगनों का उद्घोष करते हुए स्वच्छता के लाभ एवं जागरूकता से स्वच्छ भारत की कल्पना को साकार होने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में 52 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।




7 28 अगस्त 2018 राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, सांई महाविद्यालय सेक्टर–6 भिलाईऔर ब्लड बैंक जिला अस्पताल दुर्ग के संयुक्त तत्ताधान में डेंगू से प्रभावित लोगों को रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महाविद्यालय प्रांगण में रक्तदान महादान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 55 छात्र एवं 5 प्राध्यापक रक्तदान हेतु पंजीकृत हुए। पात्र छात्र एवं प्राध्यापकों से 40 यूनिट रक्त संचित किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की भूमिका उल्लेखनीय है।



8 31 अगस्त 2018 से 5 सिंतबर 2018 डेंगू जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत तेलुगु पारा एवं महाविद्यालय के आस–पास की सड़कों एवं एच.एस.सी.एल. कॉलोनी में 600 परिवारों का सर्वे कर 50 घरों का निरिक्षण डेंगू के प्रति सजग किया। साथ ही उनके घरों में लगे कूलरों को साफ किया जिसमें चूहे एवं मेढ़क मरे पड़े थे साथ ही मच्छरों का भारी मात्रा में लार्वा पाया गया।स्वयंसेवको ने उनके कूलर खाली कर साफ किये। समझाइस की गई कूलर में पानी भर कर अधिक दिनों तक न रखे। कार्यक्रम में 65 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।



10 5 सितंबर 2018 रासेयो के स्वयंसेवकों ने गुरू पर्व (शिक्षक दिवस) पर अपनी सहभागिता देते हुए महाविद्यालय के प्राध्यापकों का सम्मान समारोह आयोजित किया।




11 8 सिंतबर 2018 को पर्यावरण की सुरक्षा के लिए महाविद्यालय की आसपास की सड़कों के किनारें वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत छायादार पौधें लगाए गए। कार्यक्रम में 45 स्वयंसेवकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए प्राध्यापकों के साथ मिलकर 50 पौधें लगाए।



12 14 सितंबर 2018 को महाविद्यालय प्रांगण में हिन्दी विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में हिन्दी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि डॉ. अंजन कुमार, सहा. प्राध्यापक हिन्दी विभाग, कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के द्वारा हिन्दी के महत्व एवं आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान में हिन्दी के महत्व को देश विदेशों में भी आंके जा रहे हैं।कार्यक्रम में 52 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।




13 24 सिंतबर 2018 को राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना दिवस पर स्वयंसेवकों के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया गया। प्राचार्य डॉ.डी.बी. तिवारी के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व के प्रकाश डाला गया। डिप्टी डायरेक्टर डॉ. ममता सिंह के द्वारा स्वामी जी के आदर्शों को अपनाने एवं उनके मार्ग पर चलने हेतु अभिप्रेरित किया गया। कार्यक्रम में 52 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।



14 3 अक्टूबर से 7 अक्टूबर 2018 को सेक्टर–6 के 1674 परिवार के 5480 वोटर्स को मतदान आपका पूर्ण अधिकार संकल्प के साथ शपथ दिलाया गया। शिक्षकों के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं एवं 56 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।


सांई कालेज ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

15 12 अक्टूबर 2018 को मतदान करने (निर्वाचन जागरूकता) हेतु छात्र–छात्राओं से शपथ पत्रभरवाया गया।



16 15 अक्टूबर 2018 को हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर छात्र–छात्राओं के हाथ धुलाकर हाथों के नहीं धोने से होने वाली बिमारियों की जानकारी दी गई एवं हाथ धोने होने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में 30 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।




17 31 अक्टूबर 2018 को सरदार वल्लभभाई पटेल की जंयती (एकता दिवस) पर स्वयंसेवको के द्वारा लोगों में एकता के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से रैली आयोजित की जिसमें नारे लगाये गये– ''अनेकता में एकता'' यह रैली विश्वविद्यालय द्वारा राजेन्द्र पार्क दुर्ग से सरदार वल्लभभाई पटेल भाई चौक तक आयोजित की गई। महाविद्यालय से 55 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।




18 15 नवंबर 2018 को निर्वाचन जागरूकता रैली का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं स्वीप के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर ग्लोब चौक होते हुए पुनः महाविद्यालय में आकर समाप्त हुई। महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं एवं 56 स्वयंसेवकों ने रैली में अपनी सहभागिता दी।




19 16 नवंबर 2018 को निर्वाचन जागरूकता हेतु हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के द्वारा मानव श्रृखंला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विविध महाविद्यालयों से स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। सांई महाविद्यालय से 63 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।



20 1 दिसंबर 2018 को विश्व एड्स जागरूकता दिवस पर स्वयं सेवकों के द्वारा एड्स के प्रति जागरूकता हेतु मानव श्रृखंला बनाई गई एवं आस–पास की सड़कों से होते हुए ई–मार्केट तक एड्स जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।जागरूकता कार्यक्रम में 65 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।




19 17 दिसंबर 2018 को नशा मुक्ति पर जागरूकता लाने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 70 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।




20 19 दिसंबर 2018 को आत्महत्या रोकथाम जागरूकता हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 63 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।




21 25दिसम्बर से 31दिसम्बर 2018 तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम हनोदा दुर्ग में किया गया। जिसके अर्न्तगत विविध स्वच्छता कार्य किये गए एवं स्वास्थ्य परिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 55 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।



23 10 जनवरी 2019 को सांई महाविद्यालय वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में भिलाई नगर रेलवे स्टेशन बस्ती में वस्त्रदान एवं बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित किया गया। कार्यक्रम में 45 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।




26 12 जनवरी 2019 को महाविद्यालय प्रांगण में युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी जी की स्मृति में माल्यार्पण कर किया गया। स्वामी जी के आदर्शों को अपनाने एवं



उनके मार्ग में चलने हेतु स्वयं सेवकों के द्वारा शपथ ग्रहण किया गया। कार्यक्रम में 50 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।

27 26 जनवरी 2019 को महाविद्यालय प्रांगण में गणतंत्र दिवस मनाया गया। जिसमें छात्र–छात्राओं के द्वारा देशभक्ति गीत एवं भाषण प्रस्तुत किए गए। कु. भामा लोधी एवं वरिष्ठ स्वयंसेविका कु. दिव्या के द्वारा देशभक्ति भाषण प्रस्तुत किए गए।कार्यक्रम में 45 स्वयंसेवकों ने अपनी सहभागिता दी।



26 13 फरवरी 2019 को बी–सर्टिफिकेट हेतु साक्षात्कार आयोजित किया गया। साक्षात्कार में 13 स्वयंसेवकों ने सम्मिलित होकर बी–सर्टिफिकेट हेतु पात्रता पाई।

